भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2007**

11 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

**अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों का नियोजन**

**2007. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात उद्योगों द्वारा जाजपुर जिले में अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के नियोजन और युवाओं के कौशल विकास के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) और (ख): इस्पात एक नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र है और सरकार ओडिशा सहित देश के सभी राज्यों में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। उद्योग द्वारा इस्पात संयंत्र की स्थापना के बारे में निर्णय कच्चे माल की उपलब्धता, बंदरगाह से दूरी, लॉजिस्टिक आदि सहित तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यताओं के आधार पर लिए जाते हैं। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के रोजगार के संबंध में, इस्पात मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सीपीएसई सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हैं। मंत्रालय कौशल विकास पहल के संबंध में भारत के इस्पात उद्योग के लिए कुशल कर्मचारी प्रदान करने हेतु एक पारिस्थितिक तंत्र को सुविधा प्रदान करता है।

*****